**Series SRQPE/C** **SET~3**

*प्रश्न-पत्र कोड* **4/6/3**

*रोल नं.*

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | |

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।

**नोट :**

(i) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **4** हैं ।

(ii) प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।

(iii) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **8** प्रश्न हैं ।

(iv) **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**

(v) इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।

# हिन्दी (ब)

# HINDI (B)

*निर्धारित समय : 2 घण्टे* *अधिकतम अंक : 40*

***सामान्य निर्देश :***

*निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका अनुपालन कीजिए :*

*(i) इस प्रश्न-पत्र में कुल **8** प्रश्न हैं ।*

*(ii) इस प्रश्न-पत्र में कुल **दो** खण्ड हैं – **खण्ड क** और **खण्ड ख** ।*

*(iii) **खण्ड क** में कुल **3** प्रश्न हैं । दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए इनके उत्तर दीजिए ।*

*(iv) **खण्ड ख** में कुल **5** प्रश्न हैं । दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए इनके उत्तर दीजिए ।*

*(v) प्रत्येक प्रश्न को ध्यानपूर्वक पढ़ते हुए यथासंभव क्रमानुसार उत्तर लिखिए ।*

## खण्ड क

**1.** निम्नलिखित दो प्रश्नों में से किसी ***एक*** प्रश्न का उत्तर लगभग 60 – 70 शब्दों में लिखिए : *1×4=4*

(क) 'कारतूस' एकांकी के नायक वज़ीर अली और 'कर चले हम फ़िदा' कविता के वीर सेनानियों के चरित्र में क्या समानताएँ हैं ? क्या आज की युवा पीढ़ी में आप ऐसे गुण देखते हैं ? अपने विचार लिखिए ।

(ख) "हमारे जीवन की रफ़्तार बढ़ गई है । यहाँ कोई चलता नहीं, बल्कि दौड़ता है । कोई बोलता नहीं बकता है । हम जब अकेले पड़ते हैं तब अपने-आप से लगातार बड़बड़ाते रहते हैं" — लेखक के मित्र ने इस स्थिति के क्या कारण बताए हैं और इसके क्या दुष्परिणाम वहाँ दिखाई दे रहे हैं ? 'झेन की देन' पाठ के आधार पर लिखिए ।

**2.** निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं ***दो*** प्रश्नों के उत्तर लगभग 25 – 30 शब्दों में लिखिए : *2×3=6*

(क) महंत द्वारा हरिहर काका का अपहरण, उसके चरित्र की किस सच्चाई को सामने लाता है ? इससे ठाकुरबाड़ी जैसी संस्थाओं के प्रति आपके मन में कैसी धारणा बनती है ? इस विषय में अपने विचार लिखिए ।

(ख) विद्यार्थियों में अनुशासन की भावना विकसित करने के लिए कठोर दंड वाली विधि अधिक उपयुक्त है या वर्तमान समय की मनोवैज्ञानिक विधियाँ ? 'सपनों के-से दिन' पाठ के आधार पर लिखिए ।

(ग) टोपी ने इफ़्फ़न से दादी बदलने की बात क्यों कही ? इफ़्फ़न ने दादी न बदलने के क्या कारण बताए ? क्या वे कारण सही थे ? 'टोपी शुक्ला' पाठ के आधार पर उत्तर दीजिए ।

**3.** निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं ***दो*** प्रश्नों के उत्तर लगभग 25 – 30 शब्दों में लिखिए : *2×2=4*

(क) 'मनुष्यता' कविता के आधार पर लिखिए कि किन लोगों को मृत्यु के बाद भी याद रखा जाता है ।

(ख) 'पर्वत प्रदेश में पावस' कविता के आधार पर बताइए कि 'सहस्र दृग-सुमन' का क्या अर्थ है । कवि ने इसका प्रयोग किसके लिए किया है और क्यों ?

(ग) 'कर चले हम फ़िदा' गीत एक ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर लिखा गया है । वह ऐतिहासिक पृष्ठभूमि क्या है ? क्या इस प्रकार के गीत हमें अपने देश पर मर मिटने की प्रेरणा देते हैं ? क्यों ? अपने विचार लिखिए ।

## खण्ड ख

## (लेखन)

**4.** निम्नलिखित विषयों में से किसी ***एक*** विषय पर संकेत-बिंदुओं के आधार पर लगभग 150 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए : *1×6=6*

(क) इंटरनेट की दुनिया

- इंटरनेट का तात्पर्य
- वर्तमान समय में सूचना का मुख्य साधन
- इससे लाभ और हानि

(ख) अपनी मातृभाषा

- मातृभाषा का अर्थ
- मातृभाषा की विशेषताएँ
- मातृभाषा का महत्त्व

(ग) प्रकृति रक्षा : मानव सुरक्षा

- मनुष्य प्रकृति का अंग
- प्रकृति का बिगड़ता संतुलन
- बढ़ता प्रदूषण
- दूर करने के उपाय

**5.** (क) सड़कों पर आवारा पशुओं के घूमने से होने वाली समस्याओं पर ध्यान आकर्षित करते हुए किसी हिन्दी समाचार-पत्र के संपादक के नाम लगभग 120 शब्दों में पत्र लिखिए । *5*

**अथवा**

(ख) आपकी कॉलोनी में स्थित पार्क की स्थिति ठीक नहीं है । जगह-जगह गंदगी है, जंगली घास उग आयी है । इसकी शिकायत करते हुए नगर-निगम अध्यक्ष को लगभग 120 शब्दों में पत्र लिखिए । *5*

**6.** (i) (क) अपनी पुरानी रेसिंग साइकिल बेचने के लिए उसकी ख़ूबियाँ बताते हुए 50 शब्दों में एक विज्ञापन तैयार कीजिए । $2\frac{1}{2}$

**अथवा**

(ख) पर्यावरण प्रदूषण को कम करने के लिए नए-नए उपाय खोजे जा रहे हैं । इसी शृंखला में इलैक्ट्रिक कार बनने लगी हैं । इसका प्रचार-प्रसार करने के लिए 50 शब्दों में एक विज्ञापन तैयार कीजिए । $2\frac{1}{2}$

(ii) (क) आपके क्षेत्र में मिट्टी के बर्तन बनाने वाले उद्योग को फिर से शुरू किया गया है । उसके प्रचार के लिए 50 शब्दों का एक विज्ञापन तैयार कीजिए । $2\frac{1}{2}$

**अथवा**

(ख) पिछले दो वर्षों से आप ऑनलाइन कक्षाएँ ले रहे हैं । अत्यधिक इस्तेमाल से आपका मोबाइल फोन कभी-कभी अटक जाता है । उसे बेचने के लिए 50 शब्दों का एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए । $2\frac{1}{2}$

**7.** (i) (क) आपके विद्यालय की ओर से छात्रों के लिए दसवीं तथा बारहवीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा की विशेष तैयारी हेतु मार्च माह के प्रत्येक रविवार को प्रात: 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक अतिरिक्त कक्षाओं की नि:शुल्क व्यवस्था की जा रही है । इसकी सूचना लगभग 50 शब्दों में तैयार कीजिए । $2\frac{1}{2}$

**अथवा**

(ख) आप अपने विद्यालय में साहित्यिक क्लब के सचिव आदित्य/अदिति हैं । विद्यालय की पत्रिका 'कृति' के अगले अंक के लिए स्वरचित लेख, कविता, निबंध, आदि विद्यार्थियों द्वारा देने हेतु लगभग 50 शब्दों में सूचना तैयार कीजिए । $2\frac{1}{2}$

(ii) (क) साइकिल से विद्यालय आने वाले विद्यार्थियों को अपनी साइकिल विद्यालय में एक निश्चित स्थान पर ही खड़ी करनी है । प्रधानाचार्य की ओर से इस आशय की सूचना लगभग 50 शब्दों में लिखिए । $2\frac{1}{2}$

**अथवा**

(ख) 'गणतंत्र दिवस' के उपलक्ष्य में आपके विद्यालय में देशभक्ति संबंधी कविता-गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है । विद्यालय का सांस्कृतिक सचिव होने के नाते कक्षा छठी से बारहवीं तक के विद्यार्थियों को आमंत्रित करने हेतु 50 शब्दों में सूचना तैयार कीजिए । $2\frac{1}{2}$

**8.** निम्नलिखित विषयों में से किसी ***एक*** विषय पर लगभग 120 शब्दों में लघुकथा लिखिए : $1\times5=5$

(क) विपत्ति से सीख

**अथवा**

(ख) ईमानदारी का फल